राजस्थान सरकार
निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाएं
2,जलपथ, गांधीनगर, जयपुर

190535-871

क्रमांक:एफ.4(1)(316)पोषा. / विविध / ICDS / 2012 / जयपुर, दिनांकः– 15/11/19

उपनिदेशक,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
समस्त ।

बाल विकास परियोजना अधिकारी
समेंकित बाल विकास सेवाएँ,
समस्त ।

विषयः–दिनांक 18.11.2019 से 23.11.2019 तक आंगनबाडी केन्द्रों पर **"बाल सप्ताह"** के आयोजन के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत समेकित बाल विकास सेवाएं योजनान्तर्गत आंगनबाडी केन्द्रों पर दिनांक 18.11.2019 से 23.11.2019 तक आंगनबाडी केन्द्रों पर बाल सप्ताह का आयोजन किया जायेगा । जिसमें आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले आयुवर्ग 3–6 वर्ष के बच्चों के लिए सप्ताह में निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाए–

क्र. स.	**दिवस**	**दी जाने वाली रेसीपी नाश्ता / गर्म पूरक पोषाहार**	**आयोजित की जाने वाली गतिविधि**	**विशेष विवरण**
1.	सोमवार	पका केला मीठा दलिया (मूंग दाल सहित)	स्वच्छता दिवस	व्यक्तिगत एवं आस–पास की स्वच्छता पर ध्यान दें ।
2.	मंगलवार	बेसन हलवा दाल बाटी	खेल दिवस	बच्चों को स्थानीय स्तर के मनभावन खेल–कूद कराऐं।
1.	बुधवार	तिल के लड्डू रोटी सब्जी और दाल	रंग भरो दिवस	आंगनबाडी केन्द्र पर उपलब्ध किलकारी, उमंग एवं तरंग पुस्तकों में दिए गए चित्रों में रंग भरना।
2.	गुरूवार	मूंगफली की चिक्की चावल और दाल	स्वास्थ्य दिवस	बच्चों का वजन लेना , लम्बाई नापना,पौष्टिक आहार की जानकारी देना।

3.	शुक्रवार	**अंकुरित** मूँग–मोठ **कढ़ी** और **चावल**	संस्कार दिवस	बच्चों में नैतिक व मनोरंजक कहानियों के माध्यम से नैतिक विकास कराऐं ।
4.	शनिवार	**अंकुरित** मूँग–मोठ बाजरा अथवा चावल–मूँग की **खिचड़ी**	कल्पना दिवस	माता पिता के साथ बच्चों की कल्पनाओं से सम्बन्धित स्वच्छन्द गतिविधियॉं कराऐं।

बाल सप्ताह के समय लाभान्वितों को उपलब्ध कराई जाने वाली रेसीपी का भुगतान भारत सरकार द्वारा निर्धारित वित्तीय मापदण्डों के अनुरूप ही किया जायेगा। बाल सप्ताह के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों का सभी परियोजना अधिकारी एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा पर्यवेक्षण किया जाकर की गई गतिविधियों को जिलास्तरीय व्हाट्सअप पर अपलोड करेंगे। सभी संबंधित उपनिदेशक जिले में की गई उत्तम गतिविधियों का चयन कर राज्यस्तरीय व्हाट्सअप पर अपलोड करेंगे। अतः सभी उपनिदेशक **बाल सप्ताह** की क्रियान्विति सुनिश्चित करावें।

मुकेश कुमार मीणा
अतिरिक्त निदेशक(पोषाहार)
समेकित बाल विकास सेवाएं
राजस्थान,जयपुर

क्रमांकःएफ.4(1)(316)पोषा. / विविध / ICDS / 2012 / 190872-73 जयपुर, दिनांकः–15/11/19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1.विशिष्ट सहायक, माननीय राज्य मंत्री महोदया,महिला एवं बाल विकास विभाग,राजस्थान सरकार ,जयपुर।
2. निजी सचिव,शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग,राजस्थान ,जयपुर।
3. प्रभारी, प्रोग्रामर ... को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

मुकेश कुमार मीणा
अतिरिक्त निदेशक(पोषाहार)